दिल्ली में नकली इंजन ऑयल बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़, मास्टरमाइंड समेत पांच गिरफ्तार



**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की टीम ने नकली इंजन ऑयल बनाने वाले एक गिरोह का भंडाफोड़ कर सरगना समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरोह के सदस्य नकली इंजन ऑयल बनाकर टीवीएस, जेसीबी और टाटा मोटर्स जैसे प्रतिष्ठित ब्रांडों के ट्रेडमार्क का इस्तेमाल कर उसे बाजार में बेचते थे।

आरोपियों के पास से चार हजार लीटर नकली इंजन ऑयल, सीलिंग, हीटिंग, वेइंग मशीन और प्रिंटिंग डाई जब्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों में मास्टरमाइंड की पहचान शाहदरा निवासी नवीन सिंघल उर्फ बॉबी और उत्तर प्रदेश के मैनपुरी निवासी गौतम, रोहित, गोल्डी और शिवेंद्र के रूप में हुई है। मास्टरमाइंड के अलावा, चार अन्य मजदूर हैं जो पैकेजिंग का काम संभालते थे।

Source: https://www.jagran.com/delhi/new-delhi-city-fake-engine-oil-factory-busted-in-delhi-five-arrested-40008739.html